दिनांक 17/09/2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कचरा के बेहतर निष्पादन के लिए निगम दो स्थानों पर बनवा रहा हैं नए एसएलआरएम सेंटर , गीला कचरा को डी कंपोज कर बनाया जाएगा सोनहा खाद

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई में दो स्थानों पर नए एसएलआरएम (जीरो वेस्ट) सेंटर बनने जा रहा है। जहां घरों से प्रतिदिन एकत्र होने वाले कचरे से सोनहा खाद बनाया जाएगा। खाद बनाने का काम यहां सालभर चलेगा। इससे निगम को दो फायदे होंगे। पहला यह कि इससे घरों से कचरा एकत्र करने में देरी नहीं होगी और परिवहन आसान होगा। एसएलआरएम सेंटर वार्ड से नजदीक होने पर घरों से सुबह कचरा जल्दी एकत्र हो जाएगा। स्वच्छता मित्रों को लंबी दूरी तक रिक्शा में कचरा ढोने से होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। निगम प्रशासन ने 21.50-21.50 लाख रुपए की लागत से दो स्थानों पर एसएलआरएम सेंटर बनाने का निर्णय लिया है। प्रस्ताव के मुताबिक जोन-1 अंतर्गत वार्ड-1 खम्हरिया और वार्ड-3 नेहरू नगर पश्चिम में सातवीं बटालियन के सामने शेड का निर्माण भी शुरू हो गया है। निगम ने 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट के आगे व सातवीं बटालियन के सामने प्रस्तावित एसएलआरएम सेंटर का शेड निर्माण के लिए आरआर साहू एजेंसी को अधिकृत किया है। एजेंसी ने अब तक एसएलआरएम सेंटर का 60 फीसद निर्माण कर लिया है। बहुत जल्द यहां खाद बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। वार्ड-1 खम्हरिया मुक्तिधाम के समीप प्रस्तावित एसएलआरएम सेंटर के शेड निर्माण के लिए मेसर्स भारत इलेक्ट्रिक्लस कॉम्प्लेक्स भिलाई को अधिकृत किया गया है। एजेंसी को 120 दिन में इस कार्य को पूर्ण करने कहा गया है। अब तक एजेंसी ने प्रस्तावित कार्य का 30 फीसद निर्माण कर लिया है। नींव का काम चल रहा है।

जैविक खाद की बिक्री से बढ़ेगा निगम का आय

निगम क्षेत्र में सफाई को लेकर नित नए प्रयोग हो रहे हैं। निगम जीरो वेस्ट पर ज्यादा फोकस कर रही है।

जनसंपर्क अधिकारी